# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनाँक- 15.08.2026**

- **साइबर ठग द्वारा शिकायतकर्ता के खाते से यू.पी.आई. के माध्यम से रुपये ट्रान्सफर कर साइबर ठगी की गयी थी।**
- **थाना अकबरपुर पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में ₹15,000/- को वापस कराया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता विकास पुत्र अवधेश कुमार निवासी जशवन्तनगर मुरीदपुर थाना अकबरपुर जनपद, कानपुर देहात के साथ विभिन्न तिथियों में साइबर ठग द्वारा शिकायतकर्ता के खाते से यू.पी.आई. के माध्यम से रुपये ट्रान्सफर कर साइबर ठगी की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में शिकायतकर्ता द्वारा दिनांक 23.04.2026 एन.सी.आर.पी. पोर्टल पर शिकायत करायी गयी थी। उक्त शिकायत पर जांच एवं कार्यवाही करते हुए थाना अकबरपुर पुलिस (साइबर सेल हेल्प डेस्क) द्वारा शिकायतकर्ता को ₹15,000 रुपये की धनराशि वापस करायी गयी। पुलिस की कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया।

**वापस करायी गयी धनराशि-**

**₹ 15000/-**

**1.मोबाइल फोन खोने पर सीईआईआर पोर्टल व संचार साथी एप्लीकेशन के माध्यस से शिकायत दर्ज करें- https://www.ceir.gov.in**

**2.आनलाइन फ्राड खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या https://www.cybercrime.gov.in/ पर शिकायत दर्ज करे।**

**धनराशि वापस कराने वाली थाना अकबरपुर पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 श्री हरमीत सिंह
2. क0आ0 पंकज
3. का0 664 विमलेश कुमार